My new preschool

# मेरा नया प्रीस्कूल



इस दस्तावेज़ के सभी चित्र कॉपीराइट अधिनियम 1968 (Copyright Act 1968 (Cth)) के तहत NSW शिक्षा विभाग के स्वामित्व में हैं या iStock Getty Images Content License Agreement के तहत लाइसेंस प्राप्त हैं।

यह मेरे नए प्रीस्कूल में प्रवेश करने का गेट ।



मेरे पास एक प्रीस्कूल बैग है जिसे मैं अपनी पीठ पर रख कर लाता/लाती हूँ। प्रीस्कूल में पहुंचने पर मैं इसे एक विशेष स्थान पर रखता/रखती हूँ।



मैं प्रीस्कूल में लंच बॉक्स और पानी की बोतल ले जाता/जाती हूँ।
जब मुझे प्यास लगती है तो मैं उसमें से अपने आप पानी पीता/पीती हूँ।





मेरे पास प्रीस्कूल में पहनने के लिए एक हैट है। मैं इसे तब पहनता/पहनती हूँ जब मैं धूप से बचने के लिए बाहर खेलता/खेलती हूँ।



मेरे प्रीस्कूल में बड़े लोग मेरी देखभाल करते हैं और मुझे सीखने में मदद करते हैं। जब मैं उदास महसूस कर रहा होता/होती हूँ तो मैं उन्हें बताता/बताती हूँ और वे मुझे बेहतर महसूस करने में मदद करते हैं। वयस्क सभी को दयालु मित्र बनने की याद दिलाते हैं।



मेरे कुछ पुराने दोस्त हैं जिनके साथ मैं प्रीस्कूल में खेलता/खेलती हूँ और कुछ नए भी। हालाँकि,  किसी-किसी दिन मेरा अपने आप खेलने का मन करता है।






प्रीस्कूल में खेलने के लिए बहुत सी अलग-अलग चीजें होती हैं। हर दिन मैं यह चयन करता/करती हूँ कि मुझे क्या करना है। मुझे मस्ती करना और नई चीजें सीखना पसंद है।






जब मैं अंदर खेलता/खेलती हूँ तो मुझे कागज और बक्सों से चीजें बनाना अच्छा लगता है। जब मैं उदास महसूस करता/करती हूँ, तो मैं ब्लॉक के साथ निर्माण करता/करती हूँ, जैसे मैं घर पर करता/करती हूँ।



जब मैं बाहर खेलता/खेलती हूँ तो मुझे दौड़ना और खेल के उपकरणों पर चढ़ना पसंद है। मुझे रेत से खेलना भी पसंद है।





जब खेलने का समय समाप्त हो जाता है, तो मैं खिलौनों को पैक करने में मदद करता/करती हूँ। अपने प्रीस्कूल की देखभाल करना और उसे साफ सुथरा रखना अच्छी बात है।



कभी-कभी, बच्चे और बड़े एक साथ नई चीजें सीखते हैं और गाने गाते हैं। हम एक साथ कहानियां साझा करने का आनंद भी लेते हैं, ठीक वैसे ही जैसे मैं घर पर करता/करती हूँ।





जब मेरी नाक बह रही होती है तो मैं एक टिश्यू से नाक सिनक के साफ करता/करती हूँ। प्रयोग के बाद, मैं याद से टिशू को कूड़े के बिन में डालकर अपने हाथ धोता/धोती हूँ।





मेरे प्रीस्कूल में एक बड़ा बाथरूम है। जब मुझे शौचालय का उपयोग करने की आवश्यकता होती है तो मैं बाथरूम में जाता/जाती हूँ। प्रयोग के बाद मैं शौचालय को फ्लश करता/करती हूँ और अपने हाथ धोता/धोती हूँ।





मैं अपने हाथ साबुन और पानी से धोता/धोती हूँ और फिर उन्हें सुखाता/सुखाती हूँ। मुझे हाथ धोना याद रखना बहुत अच्छा लगता है। मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि मैं सभी कीटाणुओं को धो दूं ताकि मैं स्वस्थ रहूँ।





मैं अपना दोपहर का भोजन अन्य बच्चों के साथ खाता/खाती हूँ। अगर मैं अपना पैक किया खाना नहीं खोल सकता/सकती हूँ, तो मैं मदद के लिए किसी बड़े से पूछता/पूछती हूँ। मैं हमेशा अपना स्वस्थ भोजन सबसे पहले खाता/खाती हूँ इसलिए मैं मजबूत और स्वस्थ हूँ। अगर मैं अपना सारा खाना नहीं खाता/खाती, तो जो बचा है उसे पैक करके घर ले जाता/जाती हूँ।



दोपहर का भोजन करने के बाद शांत समय होता है। सभी बच्चे शांति से कुछ काम करते हैं, जैसे किताब देखना, पहेलियाँ या चित्र बनाना। जब भी मेरा शरीर थक जाता है, मैं लेट जाता/जाती हूँ और आराम करता/करती हूँ।





जब लगभग घर जाने का समय होता है, तो मैं अपना बैग पैक करता/करती हूँ और अपनी पीठ पर रखकर जाने की तैयारी करता/करती हूँ ।



प्रीस्कूल के दिन के अंत में, सभी बच्चों को कोई न कोई बड़ा लेने आता है।





जाने से तुरंत पहले, मैं मुस्कुराता/मुस्कराती हूँ और बड़ों और बच्चों को 'गुड बाय' कहता/कहती हूँ। मैं कहता/कहती हूँ, "खेलने के लिए धन्यवाद, अगली बार मिलते हैं।" जब सब चले जाते हैं तो मेरा प्रीस्कूल बंद हो जाता है।

